बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–PR ...../2026

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई में कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2027 के लिए समिति के वेबसाइट पर अभ्यर्थियों का ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई में कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2027 के अभ्यर्थियों, उनके अभिभावक, संबंधित विद्यालय प्रधान, सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2027 का प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट **https://biharsimultala.com** पर दिनांक 09.10.2026 के अपराह्न से उपलब्ध रहेगा। संबंधित अभ्यर्थी/उनके अभिभावक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के उक्त वेबसाइट से अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

2. प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2027 का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

परीक्षा की तिथि	परीक्षा की अवधि	समय
24-10-2026	02 घण्टा 30 मिनट	01:00 बजे अपराह्न से 03:30 बजे अपराह्न तक

3. परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय अपराह्न 01:00 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात अपराह्न 12:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी।

6/10/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : के0वि0-878/2026 पटना, दिनांक : 06/10/2026

प्रतिलिपि:1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. Project Manager, M/s Antier Solutions Private Limited, Hariyana को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में अग्रेतर कार्यवाई हेतु प्रेषित।
3. उप निदेशक, आई0टी0 (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B.Mobile App पर डाल दिया जाए तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए।
4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. निदेशक माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।
6. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

6/10/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

6/10/26